हिमाचल के बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी पाने का सुनहरा मौका मिलने जा रहा है . हिमाचल प्रदेश बेरोजगार चयन संघ शिमला ने विभिन्न श्रेणियों के (503) पदों को भरने के लिए इच्छुक/ पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र मांगे गए हैं. संगठन/ संघ के सचिव तुषार कुरील ने जानकारी देते हुए बताया, कि इसमें सिविल सुरक्षा जवान के (55) पद, सुरक्षा सुपरवाइजर के (23) पद, ड्राइवर LMV, HTV के (17) पद, फॉर्म सेल्स एग्जीक्यूटिव के (79) पद, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के (32) पद ,क्लर्क अकाउंट्स के (14) पद, स्टाफ नर्स एएनएम, जीएनएम के (18) पद, इलेक्ट्रीशियन के (29) पद, फिटर के (37) पद, मैकेनिकल के (16) पद ,वेल्डर के (15) पद,   टर्नर के (27) पद, कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोलर के (18) पद , डाटा एंट्री ऑपरेटर के (13) पद, चौकीदार के (19) पद ,चपरासी के (28) पद, बैंक रिकवरी एग्जीक्यूटिव के (16) पद , मैस हेल्पर के (18) पद , माली के (11) पद ,मेडिकल लैब टेक्नीशियन के (18) पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी की गई है. इन पदों की अंतिम तिथि 17 जून 2022 निर्धारित की गई है. प्रदेश के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए अपना बायोडाटा फोननंबर सहित, आधार कार्ड, पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र, एवं शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति पीडीएफ (PDF) फाइल बनाकर संगठन/ संघ के व्हाट्सएप नंबर (89881-14000) पर निर्धारित तिथि 17 जून 2022 तक अपना आवेदन भेज सकते हैं. इन पदों के लिए आयु सीमा 18 से लेकर 45 वर्ष तक के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, अधिकतम आयु सीमा में आरक्षित वर्ग को 5 वर्ष तक छूट का प्रावधान है. यह सभी पद 2 वर्ष के कॉन्ट्रैक्ट/ अनुबंध आधार पर भरे जाएंगे, जिन्हें बाद में रेगुलर किया जाएगा. संगठन/ संघ द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उनकी योग्यता के आधार पर ही पदनाम /पोस्ट दिया जाएगा. इन सभी पदों की छटनी परीक्षा/ लिखित परीक्षा संघ द्वारा 29 जून 2022 को ऑनलाइन ही ली जाएगी. संगठन/ संघ द्वारा शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड/ इनरोलमेंट नंबर ऑनलाइन ही दिए जाएंगे. इन सभी पदों के लिए आवेदन शुल्क सभी श्रेणियों सामान्य श्रेणी बीपीएल, स्वतंत्रता सेनानी, आश्रित और पूर्व सैनिकों के आश्रितों एससी, एसटी ,ओबीसी, एपीएल के लिए (1580) रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है. यह शुल्क केवल लिखित परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ही चुकता करना होगा, जो कि नॉन रिफंडेबल रहेगा. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार यह शुल्क क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड तथा नेट बैंकिंग से जमा करवा सकते हैं . दिव्यांग , दृष्टिबाधित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क नहीं है. सिलेक्ट/ नियुक्त किए गए उम्मीदवारों को हिमाचल प्रदेश के किसी भी जिले में तैनाती दी जा सकती है. इन पदों का मासिक वेतनमान सीटीसी ग्रेड पे- 10500/- से लेकर 26450/- सीटीसी ग्रेड पे- तक दिया जाएगा एवं राज्य सरकारों के अन्य वित्तीय लाभ भी दिए जाएंगे. यह सभी पद मल्टीनेशनल कंपनियों, विभिन्न विभागों, बैंकिंग, में भरे जाएंगे. इच्छुक अभ्यर्थी 10 जून से लेकर 17 जून 2022 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा. इच्छुक अभ्यर्थी अधिकतर जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01907-292034 एवं हेल्पलाइन नंबर 94181-39918 पर संपर्क कर सकते हैं.